# IUJ in Press

www.livehindustan.com
हिन्दुस्तान
रांची, मंगलवार, 22 अक्तूबर 2024

## ब्लैक सोल्जर फ्लाई से सफाई होगी बेहतर

- इक्फाई विश्वविद्यालय में जागरुकता सत्र आयोजित
- युवा जुड़ाव, बाल अधिकार और जलवायु पर विमर्श

रांची, विशेष संवाददाता। इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड ने यूनिसेफ के साथ मिलकर युवा जुड़ाव, बाल अधिकार और जलवायु परिवर्तन पर सोमवार को जागरुकता सत्र आयोजित किया। कुलपति प्रो रमन कुमार झा ने बताया कि किस तरह से शहर में कूड़े के ढेर को साफ करने के लिए ब्लैक सोल्जर फ्लाई प्रोजेक्ट का इस्तेमाल किया जा सकता है। कहा, इससे काफी मदद मिलेगी और बेहतर सफाई हो सकेगी। यूनिसेफ झारखंड की प्रमुख डॉ कनिनिका मित्रा ने बच्चों के अधिकार, पर अपने विचार व्यक्त करते हुए छात्रों को प्रेरित किया।

यूनिसेफ झारखंड की संचार विशेषज्ञ आस्था अलंग ने युवा सहभागिता और बाल अधिकार पर जानकारी दी। डीन छात्र कल्याण डॉ एस चौधरी ने यूनिसेफ की टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ ऋषि कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि यूनिसेफ झारखंड और विवि बहुत जल्द ही एक सहयोग पर काम करने जा रहे हैं।

04 खबर मन्त्र रांची, मंगलवार 22.10.2024 रांची सिटी

# इक्फाई विवि का युवा जुड़ाव, बाल अधिकार और जलवायु परिवर्तन पर जागरूकता सत्र आयोजित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड की ओर से सोमवार को यूनिसेफ के साथ मिलकर युवा जुड़ाव, बाल अधिकार और जलवायु परिवर्तन पर जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो (डॉ) रमन कुमार झा ने यूनिसेफ झारखंड की प्रमुख डॉ कनिनिका मित्रा और यूनिसेफ झारखंड की टीम का स्वागत किया। उन्होंने यूनिसेफ के कामकाज के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस तरह से शहर में कूड़े के ढेर को साफ करने के लिए ब्लैक सोल्जर फ्लाई प्रोजेक्ट का इस्तेमाल किया जा सकता है। कार्यक्रम की शुरूआत रजिस्ट्रार प्रो (डॉ) जेबी पटनायक के स्वागत भाषण से हुई। वहीं, यूनिसेफ झारखंड की प्रमुख डॉ कनिनिका मित्रा ने बच्चों के अधिकार पर अपने विचार व्यक्त करते हुए छात्रों को प्रेरित किया। यूनिसेफ झारखंड की संचार विशेषज्ञ सुश्री आस्था अलंग ने युवा सहभागिता और बाल अधिकार पर जानकारी दी। डीन (छात्र कल्याण) डॉ एस चौधरी ने यूनिसेफ की टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ ऋषि कुमार श्रीवास्तव, प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रमुख ने बताया कि यूनिसेफ झारखंड और विश्वविद्यालय बहुत जल्द ही एक सहयोग पर काम करने जा रहे हैं। कार्यक्रम में यूनिसेफ की ओर से कुमार प्रेमचंद और देबांजलि मंडल भी मौजूद थीं।

दैनिक जागरण
www.jagran.com रांची, 22 अक्टूबर, 2024

# ब्लैक सोल्जर फ्लाई प्रोजेक्ट से होगी सफाई

**जागरण संवाददाता, रांची :** इक्फाई युनिवर्सिटी झारखंड ने यूनिसेफ के साथ मिलकर युवा जुड़ाव, बाल अधिकार और जलवायु परिवर्तन पर जागरूकता सत्र का आयोजन किया। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर डा. रमन कुमार झा ने यूनिसेफ झारखंड की प्रमुख डा. कनिनिका मित्रा और यूनिसेफ झारखंड की टीम का स्वागत किया।

उन्होंने यूनिसेफ के कामकाज के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी। उन्होंने बताया किस तरह से शहर में कूड़े के ढेर को साफ करने के लिए ब्लैक सोल्जर फ्लाई प्रोजेक्ट का इस्तेमाल किया जा सकता है। कार्यक्रम की



इक्फाई युनिवर्सिटी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल कुलपति व अन्य • जागरण

शुरुआत रजिस्ट्रार प्रोफेसर डा. जेबी पटनायक के स्वागत भाषण से हुई। यूनिसेफ झारखंड की प्रमुख डा. कनिनिका मित्रा ने बच्चों के अधिकार पर अपने विचार व्यक्त करते हुए छात्रों को प्रेरित किया। यूनिसेफ झारखंड की संचार विशेषज्ञ आस्था अलंग ने युवा सहभागिता और बाल अधिकार पर जानकारी दी। डीन (छात्र कल्याण) डा. एस. चौधरी ने यूनिसेफ की टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।

For TV, e-paper & news visit: www.live7tv.com
Morning India
TUESDAY, RANCHI, OCTOBER 22, 2024

# ICFAI UNIVERSITY IN ASSOCIATION WITH UNICEF ORGANIZES AN AWARENESS SESSION ON YOUTH ENGAGEMENT, CHILD RIGHT & CLIMATE CHANGE



The ICFAI University Jharkhand in association with UNICEF organized an awareness session on Youth Engagement, Child Right & Climate Change. On this occasion the Vice Chancellor, Prof. (Dr.) Raman Kr. Jha welcomed the Chief of UNICEF Jharkhand-Dr. Kaninika Mitra along with the team of UNICEF Jharkhand. He briefed the gathering about the working of UNICEF. He shared how the "Black Soldier Fly project" can be used for clearing the garbage dump in the city. The event started with the welcome address by the Registrar, Prof. (Dr.) J.B Patnaik. The Chief of UNICEF Jharkhand-Dr. Kaninika Mitra motivated the students with her insightful thoughts on Right to children. The Communication Specialist, UNICEF Jharkhand . Astha Alang briefed on Youth Engagement & Child Right.

The Dean (Student Welfare) -Dr. S. Choudhury expressed her gratitude to the team UNICEF.

The event coordinator Dr.Rishi Kumar Srivastva, Head, Training & Placement shared that UNICEF Jharkhand & the university will be going for a collaboration very soon. .Kumar Premchand and Debanjally Mandal were also present from UNICEF in the event. The Faculty, staff members and the students of The ICFAI University Jharkhand participated in the event with great enthusiasm.

कर।

# इक्फाई विश्वविद्यालय ने यूनिसेफ के साथ मिलकर जागरूकता सत्र आयोजित किया

**रांची :** इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड ने यूनिसेफ के साथ मिलकर युवा जुड़ाव, बाल अधिकार और जलवायु परिवर्तन पर जागरूकता सत्र आयोजित किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. (डॉ.) रमन कुमार झा ने यूनिसेफ झारखंड की प्रमुख डॉ. कनिनिका मित्रा और यूनिसेफ झारखंड की टीम का स्वागत किया। उन्होंने यूनिसेफ के कामकाज के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस तरह से शहर में कूड़े के ढेर को साफ करने के लिए ब्लैक सोल्जर फ्लाई प्रोजेक्ट÷ का इस्तेमाल किया जा सकता है।

कार्यक्रम की शुरुआत रजिस्ट्रार प्रो. (डॉ.) जे.बी. पटनायक के स्वागत भाषण से हुई।

यूनिसेफ झारखंड की प्रमुख डॉ. कनिनिका मित्रा ने बच्चों के अधिकार पर अपने विचार व्यक्त करते हुए छात्रों को प्रेरित किया। यूनिसेफ झारखंड की संचार विशेषज्ञ सुश्री आस्था अलंग ने युवा सहभागिता और बाल अधिकार पर जानकारी दी।

डीन (छात्र कल्याण) डॉ. एस. चौधरी ने यूनिसेफ की टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम समन्वयक डॉ. ऋषि कुमार श्रीवास्तव, प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रमुख ने बताया कि यूनिसेफ झारखंड और विश्वविद्यालय बहुत जल्द ही एक सहयोग पर काम करने जा रहे हैं। कार्यक्रम में यूनिसेफ की ओर से श्री कुमार प्रेमचंद और सुश्री देबांजलि मंडल भी मौजूद थीं। आईसीएफएआई विश्वविद्यालय झारखंड के संकाय, कर्मचारी और छात्रों ने कार्यक्रम में बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।.

# इक्फाई विवि का यूनिसेफ के साथ मिलकर युवा जुड़ाव, बाल अधिकार और जलवायु परिवर्तन पर जागरूकता सत्र आयोजित



**राष्ट्रीय सागर संवाददाता**

**रांची :** इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड ने यूनिसेफ के साथ मिलकर युवा जुड़ाव, बाल अधिकार और जलवायु परिवर्तन पर जागरूकता सत्र आयोजित किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. (डॉ.) रमन कुमार झा ने यूनिसेफ झारखंड की प्रमुख डॉ. कनिनिका मित्रा और यूनिसेफ झारखंड की टीम का स्वागत किया। उन्होंने यूनिसेफ के कामकाज के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस तरह से शहर में कूड़े के ढेर को साफ करने के लिए ब्लैक सोल्जर फ्लाई प्रोजेक्ट का इस्तेमाल किया जा सकता है। कार्यक्रम की शुरुआत रजिस्ट्रार प्रो. (डॉ.) जे.बी. पटनायक के स्वागत भाषण से हुई। यूनिसेफ झारखंड की प्रमुख डॉ. कनिनिका मित्रा ने बच्चों के अधिकार पर अपने विचार व्यक्त करते हुए छात्रों को प्रेरित किया। यूनिसेफ झारखंड की संचार विशेषज्ञ आस्था अलंग ने युवा सहभागिता और बाल अधिकार पर जानकारी दी। डीन (छात्र कल्याण) डॉ. एस. चौधरी ने यूनिसेफ की टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. ऋषि कुमार श्रीवास्तव, प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रमुख ने बताया कि यूनिसेफ झारखंड और विश्वविद्यालय बहुत जल्द ही एक सहयोग पर काम करने जा रहे हैं। कार्यक्रम में यूनिसेफ की ओर से कुमार प्रेमचंद और सुश्री देबांजलि मंडल भी मौजूद थीं। आईसीएफएआई विश्वविद्यालय झारखंड के संकाय, कर्मचारी और छात्रों ने कार्यक्रम में बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।